ISO 9001:2008, 14001:2004

# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०
परियोजना निदेशक, बुडको, पटना पश्चिमी का कार्यालय
(बिहार सरकार का उपक्रम)

पत्रांक– 1349
दिनांक– 19.12.2025

पता : कमरा नं0–एस 33, ट्रॅाजिस्ट हॅास्टल, इनकम टैक्स गोलम्बर, पटना– 800 001
E-mail ID – pdbuidcopatnawest@gmail.com

## "आदेश"

नमामि गंगे योजनान्तर्गत Design, Build & Operation and Maintenance for I&D and STP Project for Danapur, Phulwarisharif & Fatuha योजना के कार्यान्वयन हेतु संवेदक M/s Bhugan Infracon Pvt. Ltd. JV with M/s Enviro Infra Engineers Pvt. Ltd. द्वारा दिनांक– 23.11.2020 को एकरारनामा सम्पादित किया गया, जिसकी एकरारित राशि रूपये 176.19 करोड़ है। एकरारनामा के अनुसार दिनांक– 22.11.2021 तक M/s Bhugan Infracon Pvt. Ltd. JV with M/s Enviro Infra Engineers Pvt. Ltd. द्वारा उक्त कार्य को पूर्ण किया जाना था। संवेदक द्वारा STP के Operation & Maintenance के कार्यो में घोर लापरवाही बरती जा रही है। बार–बार SPS से दानापुर STP जाने वाली पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो जाती है। वर्तमान में भी यह पाईप लाईन क्षतिग्रस्त है एवं गंदे पानी का रिसाव हो रहा है। Central Pollution Control Board के द्वारा दिनांक– 30.10.2025 को प्रेषित किया गया कि दानापुर STP एवं फुलवारीशरीफ STP का Treated Water मानक के अनुरूप नहीं है। दिनांक– 11.07.2025 को NMCG नई दिल्ली द्वारा प्रेषित किया गया कि 19.02.2025 को 25 MLD दानापुर STP के निरीक्षण के दौरान STP बन्द पाया गया एवं इस STP पर PLC-SCADA System of SBR Technology functional नहीं था एवं Technical Standards को Meet नहीं कर रहा था। उक्त STP प्लांट पर Technical एवं Non-Technical Staff हेतु कार्यरत बल की संख्या एकरारनामा के अनुरूप नहीं था। इस कार्यालय के पत्रांक– 1305, दिनांक– 13.12.2025 के द्वारा निर्देशित किया गया था कि उपरोक्त वर्णित त्रुटियों का निराकरण करते हुए इस कार्यालय को तीन दिनों के अन्दर सूचित किया जाय, परन्तु अभी तक एजेंसी द्वारा ना ही वर्णित त्रुटियों का निराकरण किया गया है, ना ही इस कार्यालय को पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण का जवाब दिया गया है। उपरोक्त से परिलक्षित होता है कि एजेंसी द्वारा STP के Operation & Maintenance का कार्यो के लिए गंभीर नहीं है। इस संबंध में वरीय पदाधिकारियों द्वारा अनेकों बार असंतोष व्यक्त किया गया।

उपरोक्त के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक– 1305, दिनांक– 13.12.2025 द्वारा संवेदक को अन्तिम नोटिस देते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गई कि तीन दिनों के अन्दर स्पष्ट करें कि क्यों नहीं कार्य में लापरवाही, अकर्मण्यता एवं स्वेच्छाचारिता एवं एकरारनामा के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक के आलोक में एकरारनामा के सुसंगत प्रावधानों तथा पथ निर्माण विभाग के आदेश ज्ञापांक–प्र0 6/द0वि0

11015
22/12/25

नियम 03–03/2004–2131(S), दिनांक– 13.03.2019 के तहत अगले निविदा में भाग लेने से वंचित (डिबार) किया जाय। साथ ही निदेश दिया गया था कि उपरोक्त कार्यों को शीघ्र–अतिशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें अन्यथा बाध्य होकर एकरारनामा के अनुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। परन्तु M/s Bhugan Infracon Pvt. Ltd. JV with M/s Enviro Infra Engineers Pvt. Ltd. द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब अबतक समर्पित नहीं किया गया, जो लापरवाही, अकर्मण्यता एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक है एवं स्पष्ट है कि M/s Bhugan Infracon Pvt. Ltd. JV with M/s Enviro Infra Engineers Pvt. Ltd. द्वारा उक्त के संदर्भ में कुछ नहीं कहना है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आलोक में M/s Bhugan Infracon Pvt. Ltd. JV with M/s Enviro Infra Engineers Pvt. Ltd. को Design, Build & Operation and Maintenance for I&D and STP Project for Danapur, Phulwarisharif & Fatuha योजना के एकरारनामा के उल्लंघन एवं कार्य में लापरवाही, अकर्मण्यता एवं स्वेच्छाचारिता एकरारनामा के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक के आलोक में एकरारनामा के सुसंगत प्रावधानों तथा पथ निर्माण विभाग के आदेश ज्ञापांक–प्र0 6/द0वि0 नियम 03–03/2004–2131(S), दिनांक– 13.03.2019 के तहत पांच वर्षो के लिए निविदा में भाग लेने से वंचित (डिबार) किया जाता है।

ह0/–
परियोजना निदेशक,
बुडको, पटना पश्चिमी।

ज्ञापांक– 1349 दिनांक– 19/12/2025

प्रतिलिपि – प्रबंध निदेशक, बुडको, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि – सभी मुख्य महाप्रबंधक, बुडको, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि – सभी प्रबंधक, बुडको, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि – सभी परियोजना निदेशक, बुडको, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि – प्रबंधक (विधि)/प्रबंधक (सू0त0), बुडको, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि – M/s Bhugan Infracon Pvt. Ltd. JV with M/s Enviro Infra Engineers Pvt. Ltd. को सूचनार्थ प्रेषित।

19.12.25
परियोजना निदेशक,
बुडको, पटना पश्चिमी।

Scanned with OKEN Scanner